
## विजय के पिता एस. ए. चंद्रशेखर का बड़ा बयान: कांग्रेस को दिया TVK के साथ गठबंधन का खुला न्योता!




महानगर मेट्रो ब्यूरो

**चेन्नई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार विजय की राजनीतिक पारी शुरू होते ही तमिलनाडु की राजनीति में भूचाल आ गया है। विजय के पिता और दिग्गज निर्देशक एस. ए. चंद्रशेखर ने अब एक ऐसा बयान दिया है जिसने कांग्रेस खेमे में हलचल तेज कर दी है। उन्होंने सीधे तौर पर कांग्रेस को ऋङ्क्य (तमिलगा वेत्री कड़गम) के साथ हाथ मिलाने का खुला प्रस्ताव दिया है। 'कांग्रेस अपनी खोई ताकत वापस पाए एस. ए. चंद्रशेखर ने कांग्रेस की वर्तमान स्थिति पर कटाक्ष और सहानुभूति जताते हुए कहा कि कांग्रेस एक ऐतिहासिक और महान परंपराओं वाली पार्टी रही है। लेकिन, पिछले लंबे समय से दूसरी क्षेत्रीय पार्टियों को बैसाखी की तरह समर्थन देने के कारण जमीनी स्तर पर उसकी अपनी ताकत कमजोर पड़ गई है। विजय बनेंगे कांग्रेस का संबल? चंद्रशेखर ने एक बड़ा दावा **करते हुए कहा:** 'अब समय आ गया है कि कांग्रेस अपनी खोई हुई शक्ति को फिर से हासिल करे। यह मेरा नहीं, बल्कि विजय का विचार है। विजय खुद कांग्रेस को वह मजबूती और संजीवनी देने के लिए तैयार हैं, जिससे पार्टी अपनी पुरानी पहचान और धाक वापस पा सके। ' गठबंधन की अपील: मौके का फायदा उठाए कांग्रेस उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक मौके को न गंवाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर कांग्रेस और TVK साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो यह न केवल कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए अच्छा होगा, बल्कि राज्य की राजनीति की दिशा भी बदल देगा।

**महानगर मेट्रो विशेष:** अब देखना यह होगा कि क्या कांग्रेस विजय के पिता के इस 'ओपन ऑफर' को स्वीकार कर अपना पुराना गौरव हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाती है, या फिर तमिलनाडु की राजनीति में कोई नया समीकरण जन्म लेता है।

**रिपोर्ट: ब्यूरो, महानगर मेट्रो**

# इंस्टाग्राम का 'राजा मेलडी' निकला शातिर ठग: संतान प्राप्ति के नाम पर मांगता था AC-फ्रिज और शराब; विज्ञान जाथा ने उतारा ढोंग का चोला

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**पादरा:** आस्था के नाम पर मासूम लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले एक और पाखंडी का अंत हो गया है। वडोदरा जिले के पादरा स्टेशन इलाके में 'राजा मेलडी' के नाम से मशहूर और इंस्टाग्राम पर हजारों फॉलोअर्स रखने वाले एक कथित 'भुवा' (तांत्रिक) की पोल खुल गई है। अंधविश्वास के खिलाफ लड़ने वाली संस्था 'विज्ञान जाथा' ने जाल बिछाकर इस पाखंडी का पर्दाफाश किया, जिसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।



### सोशल मीडिया पर जाल, दरबार में लूट

यह कथित भुवा खुद को 'माताजी का परम भक्त' बताकर इंस्टाग्राम के जरिए अपना प्रचार करता था। सूत्रों के अनुसार, वह लोगों को माताजी का डर दिखाकर अपनी ओर आकर्षित करता था। उसके कारनामों की **लिस्ट लंबी है:** कीमती सामानों की मांग: संतान प्राप्ति और बीमारियों को ठीक करने का झांसा देकर वह भक्तों से कैश के अलावा AC, फ्रिज और सोफे जैसी कीमती वस्तुओं की मांग करता था।

**शराब की डिमांड:** खुद को देवी का दूत बताने वाला यह पाखंडी 'प्रसाद' के नाम पर भक्तों से महंगी शराब मंगवाता था।

भय का कारोबार: जो लोग उसकी मांग पूरी नहीं करते थे, उन्हें माताजी के कोप और अनिष्ट होने का डर दिखाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

### ऐसे हुआ 'ऑपरेशन पर्दाफाश'

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद, विज्ञान जाथा की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से इस ढोंगी के दरबार में दस्तक दी। टीम ने वैज्ञानिक तर्कों और सबूतों के सामने जब उसकी 'शक्तियों' को चुनौती दी, तो कथित भुवा के पास कोई जवाब नहीं था। विज्ञान जाथा ने मौके पर ही लोगों को समझाया कि कैसे यह व्यक्ति उनकी आस्था का फायदा उठाकर अपनी सुख-सुविधाएं जुटा रहा था।

### पुलिस की गिरफ्त में 'राजा मेलडी'


पर्दाफाश होने के बाद भारी हंगामा हुआ और विज्ञान जाथा ने आरोपी को पादरा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है कि अब तक कितने लोगों को इस ठग ने अपनी जालसाजी का शिकार बनाया है। 'आस्था और अंधविश्वास के बीच एक महीन रेखा होती है। ऐसे पाखंडी उसी का फायदा उठाते हैं। विज्ञान जाथा का यह कदम समाज को जागरूक करने के लिए सराहनीय है।' - स्थानीय नागरिक

**सावधान रहें!** महानगर मेट्रो अपने पाठकों से अपील करता है कि किसी भी बीमारी या समस्या के समाधान के लिए तांत्रिकों या पाखंडी भुवाओं के चक्कर में न आएं। विज्ञान और डॉक्टरों पर भरोसा रखें, अंधविश्वास पर नहीं।

# 'सरप्राइज एलिमेंट' पर काम करे भारत; प्रयागराज में 'नॉर्थ टेक सिम्पोजियम' का भव्य आगाज

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**प्रयागराज।** देश की रक्षा तैयारियों को नई धार देने के उद्देश्य से प्रयागराज में 'नॉर्थ टेक सिम्पोजियम' का शानदार शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के वैज्ञानिकों, रक्षा विशेषज्ञों और सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिस तरह हम सीमाओं की सुरक्षा के लिए 'डिफेंस कॉरिडोर' बना रहे हैं, अब समय आ गया है कि देश में 'नॉलेज कॉरिडोर' भी तैयार किया जाए। 'सरप्राइज एलिमेंट' ही दिलाएगा जीत रक्षा मंत्री ने युद्ध के बदलते स्वरूप पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि दिमाग और तकनीक से जीते जाते हैं।




**उन्होंने कहा:** 'हमे अब 'सरप्राइज एलिमेंट' (अचानक अचंभित करने वाली तकनीक) पर काम करना होगा। अगर हमारी तकनीक और रणनीति दुश्मन के लिए अप्रत्याशित होगी, तभी हम सुरक्षा के मोर्चे पर हमेशा एक कदम आगे रहेंगे। ' स्वदेशी तकनीक और आत्मनिर्भरता पर जोर राजनाथ सिंह ने उत्तर भारत के इस प्रमुख रक्षा तकनीकी सम्मेलन में स्वदेशीकरण की जमकर वकालत की। उन्होंने कहा कि 'नॉलेज कॉरिडोर' के माध्यम से हम रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को एक नई गति दे सकते हैं, जिससे आने वाले समय में भारत रक्षा उपकरणों का केवल खरीदार नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा निर्माता बनेगा।

### प्रयागराज बना रक्षा शक्ति का केंद्र

प्रयागराज में आयोजित इस 'नॉर्थ टेक सिम्पोजियम' में अत्याधुनिक हथियारों, ड्रोन्स और एआई आधारित सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेना और निजी रक्षा उद्योगों के बीच की दूरी को कम करना है ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना मजबूती से किया जा सके।

## राजनीति में कदम रखने के एक साल के भीतर 'थलपति' विजय का धमाका, क्या बनेंगे अगले मुख्यमंत्री ?



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**चेन्नई।** भारतीय राजनीति में जब भी बड़े बदलाव की बात होती है, तो अक्सर राजनीतिक पंडितों की नज़रें पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों पर टिकी रहती हैं। लेकिन इस बार हवाओं का रुख दक्षिण की ओर मुड़ गया है। तमिलनाडु की राजनीति में वह 'खेला' हो गया है जिसकी कल्पना बड़े-बड़े दिग्गजों ने नहीं की थी। महज एक साल पहले अपनी पार्टी ऋङ्क्य (तमिलगा वेत्री कड़गम) बनाने वाले सुपरस्टार विजय अब राज्य के अगले मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में सबसे आगे निकल चुके हैं।

### सिनेमा के पर्दे से सत्ता की कुर्सी तक

तमिल सिनेमा के 'थलपति' कहे जाने वाले विजय ने जब अपनी राजनीतिक पार्टी का ऐलान किया था, तब कई लोगों ने इसे केवल एक फिल्मी सितारे की महत्वाकांक्षा माना था। लेकिन ज़मीनी स्तर पर उनकी सक्रियता और हालिया घटनाक्रमों ने यह साफ कर दिया है कि उन्होंने द्रविड़ राजनीति के गढ़ में सेंध लगा दी है। उनकी रैलियों में उमड़ता जनसैलाब अब वोटों के समीकरण में बदलता नज़र आ रहा है।

### विपक्ष पस्त, विजय का उदय

जहाँ एक ओर कांग्रेस अपनी खोई हुई ज़मीन तलाशने के लिए विजय के पिता एस. ए. चंद्रशेखर के प्रस्तावों की ओर देख रही है, वहीं दूसरी ओर विजय ने सीधे तौर पर जनता से संवाद कर स्थापित राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी है। तमिलनाडु, जो दशकों से छरूय और द्घछरूय के बीच बँटा रहा है, अब एक तीसरे विकल्प के रूप में विजय को स्वीकार करने की ओर बढ़ता दिख रहा है।

### क्या विजय बदलेंगे तमिलनाडु की किस्मत?

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि विजय की साफ-सुथरी छवि और युवाओं के बीच उनकी ज़बरदस्त पकड़ उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुँचा सकती है। यदि वर्तमान रुझान और गठबंधन की चर्चाएँ हकीकत में बदलती हैं, तो वह दिन दूर नहीं जब तमिलनाडु की कमान एक ऐसे नायक के हाथ में होगी जिसने केवल एक साल में पूरी बिसात पलट **महानगर मेट्रो का सवाल:** क्या विजय तमिलनाडु की पारंपरिक राजनीति को खत्म कर एक नए युग की शुरुआत कर पाएंगे?

## डीजल रिक्शा और टॉरस ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत, रिक्शा चालक की मौके पर ही गई जान



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**मांगरोल।** मांगरोल-पोरबंदर हाईवे पर आज एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। दिवासगाम के पास हुए एक भयानक सड़क हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मांगरोल की ओर आ रही एक डीजल रिक्शा और टॉरस ट्रक के बीच आमने-सामने इतनी भीषण टक्कर हुई कि रिक्शा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

### हादसे में रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत

इस हृदयविदारक दुर्घटना में रिक्शा चालक हनीफ अब्दुल्ला कोतल (आयु 55 वर्ष) की घटनास्थल पर ही दुखद मृत्यु हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिक्शा चालक को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हादसे के तुरंत बाद हनीफ कोतल को मांगरोल के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही इस दुखद घटना की सूचना मृतक के परिवारजनों और स्थानीय समाजसेवियों को मिली, बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुँच गए। परिजनों के विलाप से अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हादसा किसकी लापरवाही के कारण हुआ।

# 'कुश्ती संघ मुझे जहर दे सकता है! सुरक्षा के नाम पर साजिश की बू! क्या भारतीय कुश्ती संघ के साये में खिलाड़ी सुरक्षित हैं?

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश की बेटियाँ जब इंसाफ के लिए सड़क पर उतरती हैं, तो व्यवस्था अक्सर बहरी हो जाती है। लेकिन अब जो खुलासा स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने किया है, उसने खेल जगत से लेकर सत्ता के गलियारों तक हड़कंप मचा दिया है। विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में शामिल होने से पहले अपनी जान को खतरा बताते हुए जो आशंकाएं व्यक्त की हैं, वे किसी 'खतरनाक साजिश' की ओर इशारा कर रही हैं।


**'खतरे में है मेरी जान:** खाने में मिल सकता है जहर '

विनेश फोगाट ने बेहद घातक आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें डर है कि कुश्ती संघ के टूर्नामेंट के दौरान उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा सकता है। उन्होंने खुलकर आशंका जताई कि:

भारतीय कुश्ती संघ के पदाधिकारियों पर मुझे रत्ती भर भरोसा नहीं है। मुझे डर है कि मेरे ड्रिंक्स या खाने में नशीला पदार्थ या जहर मिलाया जा सकता है ताकि मेरा करियर बर्बाद किया जा सके या मुझे शारीरिक नुकसान पहुँचाया जा सके। '

डॉक्टरों और अधिकारियों पर गहरा संदेह

विनेश ने अपनी आशंकाओं को और विस्तार देते हुए कहा कि टूर्नामेंट के दौरान नियुक्त किए गए डॉक्टर्स और अधिकारी भी उन्हीं लोगों के करीबी हैं जिनके खिलाफ उन्होंने मोर्चा खोला था। ऐसे में उन्हें डर है कि उनके डोप टेस्ट के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है या उन्हें गलत दवाएं दी जा सकती हैं।



महानगर मेट्रो का कड़ा सवाल: क्या यही है खिलाड़ियों का **सम्मान?**

एक अंतरराष्ट्रीय चैंपियन, जिसने दुनिया भर में देश का तिरंगा लहराया, अगर आज वह अपने ही देश के खेल संघ से अपनी जान की भीख मांग रही है या जहर दिए जाने का डर जता रही है, तो यह सिस्टम के लिए डूब मरने वाली बात है। क्या कुश्ती संघ इस गंभीर आरोप के बाद अपनी कार्यप्रणाली बदलेगा? या फिर एक होनहार खिलाड़ी को मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ने का यह खेल जारी रहेगा?

## स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के वैचारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का मार्ग प्रशस्त

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मूल्यों की विजय बताया है। स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने कहा कि यह क्षण अत्यंत गौरवपूर्ण है, क्योंकि पश्चिम बंगाल की यह भूमि हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि रही है, जिन्होंने राष्ट्र और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह वही पवित्र धरती है जहाँ स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान विभूतियों ने राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से गलत नीतियाँ चल रही थीं, जिनके कारण समाज में असंतुलन और तुष्टिकरण की प्रवृत्ति बढ़ी, जो अत्यंत चिंताजनक और पीड़ादायक था। अब जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से परिवर्तन का मार्ग चुना है, जो प्रदेश को समान विकास, न्याय और राष्ट्रहित की दिशा में आगे ले जाएगा। स्वामी जी ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी को इस विजय के लिए बधाई दी और कहा कि कठिन परिस्थितियों में प्राप्त यह सफलता जनविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अखिल भारत हिंदू महासभा ने पश्चिम बंगाल में अपने प्रत्याशी नहीं उतारे, ताकि राष्ट्रवादी मतों का विभाजन न हो और एक सशक्त सरकार का गठन हो सके।

## पश्चिम बंगाल में सनातन का शंखनाद होगा सनातन जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पंचदस नाम जूना अखाड़ा के जगतगुरु सनातन सम्राट स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक मूल्यों की विजय बताया है। सनातन सम्राट जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने कहा कि यह क्षण अत्यंत गौरवपूर्ण है, क्योंकि पश्चिम बंगाल की यह भूमि हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि रही है, जिन्होंने राष्ट्र और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह वही पवित्र धरती है जहाँ स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान विभूतियों ने राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।



उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से गलत नीतियाँ चल रही थीं, जिनके कारण समाज में असंतुलन और तुष्टिकरण की प्रवृत्ति बढ़ी। अब जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से परिवर्तन का मार्ग चुना है, जो प्रदेश को समान विकास, न्याय और राष्ट्रहित की दिशा में आगे ले जाएगा। सनातन सम्राट जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी को इस विजय के लिए बधाई दी और कहा कि कठिन परिस्थितियों में प्राप्त यह सफलता जनविश्वास का प्रतीक है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अखिल भारत हिंदू महासभा ने पश्चिम बंगाल में अपने प्रत्याशी नहीं उतारे, ताकि राष्ट्रवादी मतों का विभाजन न हो और एक सशक्त सरकार का गठन हो सके।

# प्रेमी कुछ समय के लिए होता है, लेकिन दोस्त हमेशा रहता है

## दोस्ती एक मन का आलिंगन है, जिसमें कोई शारीरिक आकर्षण नहीं होता

महानगर मेट्रो ब्यूरो

रिश्तों से परे...हमारे समाज की सबसे बड़ी ट्रेजेडी यह है कि हमने हमेशा एक आदमी और एक औरत के रिश्ते को एक तय लिमिट में ही देखा है। या तो यह खून के रिश्तों की पवित्रता है या शादी और प्यार की सामाजिक मंजूरी। हम या तो इन दोनों किनारों के बीच बहने वाली 'दोस्ती' नाम की विशाल नदी को पहचान नहीं पाए हैं, या हमने उसे पहचानने की हिम्मत नहीं की है। जब कोई आदमी किसी औरत को पसंद करता है, तो समाज और उसकी अपनी सोच उसे 'गर्लफ्रेंड' की कैटेगरी में डाल देती है। लेकिन, जिस औरत को वह पसंद करता है, उसे अपनी गर्लफ्रेंड बनाना उसे लिमिट करने जैसा है। सच्ची दोस्ती प्यार से ज़्यादा नेक और गहरा रिश्ता होता है, क्योंकि प्यार में अक्सर 'हक' जताने की चाहत होती है, जबकि दोस्ती में एक-दूसरे को 'आज़ाद' रखने की खुशी होती है। यह उन लोगों के लिए है जो शरीर से परे आत्मा के कनेक्शन को समझना चाहते हैं।

प्रेमिका के साथ रिश्ते में अक्सर शब्दों, एक्सप्लेनेशन और अपनी भावनाओं के बार-बार सबूत की ज़रूरत होती है। लेकिन जब कोई औरत सच्ची 'दोस्त' होती है, तो वह आपकी चुप्पी को भी सही तरह से दिखा सकती है। ज़िंदगी के ऐसे मोड़ पर जब आप दुनिया से हारे हुए, थके हुए चुपचाप बैठे हों, तो वह दोस्त आपसे कोई एक्सप्लेनेशन नहीं मांगेगी। वह आपकी नाकामी की वजह नहीं पूछेगी, बल्कि बस आपके बगल में बैठकर आपको महसूस कराएगी कि, 'मैं यहाँ हूँ!' यह बिना शब्दों वाला 'होना' ही आपको किसी भी फिजिकल टच से हज़ार गुना ज़्यादा आराम और ताकत देता है।

**आईने जैसी दोस्ती.. मतलब**

एक लवर आपको खुश रखने के लिए, झूठा लाड़-प्यार करने के लिए आपकी 'हाँ' में 'हाँ' मिला सकता है, लेकिन एक 'दोस्त' तो आईना होती है। जब आपकी गलती होगी तो वह आपको रोकेगी भी, ज़रूरत पड़ने पर रोकेगी भी और लड़ेगी भी। दोस्ती में कोई दोगलापन नहीं होता। उसे आपको पाने या आपसे कुछ पाने में कोई दिलचस्पी नहीं होती, उसे तो बस आपको 'पावरफुल' देखने में दिलचस्पी होती है। ऐसी दोस्ती में साफ सच होता है, जहाँ आप वही हो सकते हैं जो आप हैं।

**जिस्मानी एहसास से परे, जिसमें एक दिमागी एहसास हो...**

दोस्ती एक दिमागी एहसास है, जिसमें जिस्मानी एहसास का कोई मोह नहीं होता। जहाँ हवस पूरी होती है, वहीं सच्ची दोस्ती शुरू होती है। जो औरत आपकी दिमागी ताकत को समझ सके, आपके विचारों से बातचीत कर सके और आपकी पर्सनैलिटी के अंधेरे कोनों को रोशन कर सके, वही आपकी सच्ची दोस्त है। जिस्मानी आकर्षण समय के साथ कम हो जाएगा, लेकिन विचारों से बंधा दिमागी जुड़ाव कभी पुराना नहीं पड़ता।

**असली जीत तो मर्द की होती है।**

जो मर्द औरत का शरीर जीतने के बजाय उसका 'भरोसा' जीत सके, वही मर्द सच में जीता है। औरत को अपनी लवर बनाकर, आप उसे पा सकते हैं, लेकिन उसे अपनी



दोस्त बनाकर, आप उसे पूरा आसमान देते हैं जहाँ वह अपने पंख फैलाकर आपको आज़ाद आसमान में उड़ना सिखा सकती है। ऐसी पवित्रता बनाए रखने के लिए, एक मर्द को अंदर से बहुत मज़बूत और संयमित होना पड़ता है। आइए हम रिश्तों की एक ऐसी दुनिया बनाएँ जहाँ एक मर्द और एक औरत सिर्फ़ दो शरीरों के तौर पर नहीं, बल्कि दो पवित्र विचारों के तौर पर मिलें। जहाँ शक की कोई जगह न हो और जहाँ सीमाओं की दहलीज़ भरोसे का आँगन बनी रहे। 'बिना हवस के प्यार और बिना छुए साथ, यही एक आदमी और औरत के बीच दोस्ती की असली ताकत है। '

**दर्शना पटेल-**
**(नेशनल अवॉर्ड पाने वाली)**
**स्पोर्ट्स टीचर**

## बंगाल में BJP की जबरदस्त जीत पर वाराणसी में बंटी झालमुड़ी, बंगाली महिलाओं का जश्न



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**पश्चिम बंगाल.** चुनाव के रुझानों में बीजेपी को बढ़त मिलते ही वाराणसी में बंगाली समाज की महिलाओं ने गंगा घाट पर शंखनाद कर पूजा की और झालमुरी खाकर जश्न मनाया. उन्होंने मां गंगा और बाबा विश्वनाथ से बीजेपी की जीत की कामना की, जबकि अंतिम नतीजों का अभी इंतजार जारी है.

पश्चिम बंगाल चुनाव मतगणना के नतीजे के रुझान भाजपा के पक्ष में आने से पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की उत्साहित बंगीय समाज की महिलाओं ने गंगा घाट किनारे शंखनाद करके मां गंगा भोलेनाथ की प्रार्थना की और झालमुड़ी खाकर रुझान पर उत्साह दिखाया. साथ ही उम्मीद जताई कि भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में जीतने वाली है.

यूं तो सुबह-ए-बनारस कचौड़ी जलेबी के नाश्ते के लिए मशहूर है लेकिन आज गंगा घाट के चौसट्टी घाट पर बंगाली समाज की महिलाओं ने झालमुरी से नाश्ता करके अपने दिन की शुरुआत की.

बंगाली महिलाओं ने न केवल झालमुरी बनाया, बल्कि आपस में बांटकर खाया भी. इसके पहले बंगाली महिलाओं ने शंखनाद करके मां गंगा और बाबा विश्वनाथ से कामना की कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की विजय हो.

बंगाली महिलाओं ने बताया कि जिस तरह से गरीबों का नाश्ता झालमुरी खाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में संदेश दिया. उसी को दोहराते हुए वह आज सुबह गंगा घाट किनारे न केवल झालमुरी का नाश्ता कर रही हैं, बल्कि उन्होंने शंखनाथ करके मां गंगा और भोलेनाथ से बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की विजय की भी प्रार्थना की है.

बंगाल चुनाव में जैसे-जैसे नतीजे सामने आ रहे हैं बीजेपी जीत की ओर बढ़ रही है. ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों में इसी तरह से उत्साह दिखाई पड़ रहा है. हालांकि, वोटों के गिनती पूरी होने के बाद ही राज्य में बहुमत को लेकर तस्वीर साफ हो सकेगी.

## वादों से विश्वासघात तक, नारी शक्ति का अधूरा संकल्प: सीएम रेखा गुप्ता



महानगर मेट्रो ब्यूरो

राष्ट्र की यात्रा में कुछ क्षण ऐसे आते हैं, जब इतिहास नया रास्ता बनाता है और कुछ ऐसे भी जब चंद हाथ उस रास्ते पर अवरोध खड़े कर देते हैं। 17 अप्रैल 2026 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती वाले सप्ताह में, जब करोड़ों बेटियाँ संसद की ओर आश भरी निगाहों से देख रही थीं, 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा की दहलीज पर ही ठिठक गया। अत्यंत दुःखद है कि प्रधानमंत्री को विपक्ष की बाधाओं के कारण देश से क्षमा मांगनी पड़ी। महिला आरक्षण का इतिहास भारतीय राजनीति की सबसे लंबी टालमटोल की कहानी है। 1996 में पहली बार प्रस्तुत हुआ, 1998, 1999, 2002 और 2003 में बार-बार लाया और रोका गया, 2010 में राज्यसभा से पारित होने के बावजूद लोकसभा की दहलीज न लांघ सका। यह 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' जैसा था, हर बार किसी न किसी 'तकनीकी' आपत्ति ने इस मूल नैतिक प्रश्न को उलझा दिया।

### इतिहास ने करवट ली

और फिर इतिहास ने करवट ली। 2023 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संवैधानिक रूप दिया गया। उनके शब्द, 'समाज तब आगे बढ़ता है जब महिलाऐं आगे बढ़ती हैं', संरचनात्मक परिवर्तन का आधार बने। उन्होंने एक बार फिर सिद्ध किया कि वे इरादों के साथ-साथ क्रियान्वयन के कर्मयोगी भी हैं। परंतु इस अधिनियम के पूर्ण क्रियान्वयन हेतु परिसीमन और सीटों के विस्तार से जुड़े संशोधन आवश्यक थे और यही 131वां संशोधन विधेयक 17 अप्रैल को विपक्ष की कुटिल राजनीति का शिकार हो गया।

### संख्याएं अपनी कहानी स्वयं कहती हैं

संख्याएं अपनी कहानी स्वयं कहती हैं। महिलाएं, जो जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा है, उन संस्थाओं में सबसे कम प्रतिनिधित्व रखती है जो उनके भविष्य को आकार देती हैं। लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 14' और राज्यसभा में 16' है। 1951-52 के पहले आम चुनाव से आज तक संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कभी 20' का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। दूसरी ओर, स्वीडन और नॉर्वे में यह 46', फ्रांस-ऑस्ट्रेलिया में 38', जर्मनी में 35' और दक्षिण अफ्रीका जैसे विकासशील देश में 45' तक पहुंच चुका है। भारत आज भी संभावना और प्रदर्शन के बीच ठहरा हुआ है। शासन का स्वर बदल जाता है जब महिलाएं नीति-निर्माण की मेज तक पहुंचती हैं, तो शासन का स्वर बदल जाता है। पंचायतों और स्थानीय निकायों का तीन दशक का अनुभव बताता है'




# ड्राइवर को लगी झपकी, अयोध्या से लौट रहे परिवार की कार का एक्सीडेंट, 6 की मौत

### जोल्हुपुर मोड़ के पास हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत, जबकि 4 अन्य गंभीर घायल

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**जालौन।** कालपी में ह॥-27 पर दर्दनाक हादसे में अयोध्या से लौट रहे एक परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हैं. बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर टकरा गई. हादसे के बाद राहत-बचाव में काफी मशक्कत करनी पड़ी. जालौन जिले में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों भरे सफर को मातम में बदल दिया. कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हुपुर मोड़ के पास हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. सभी लोग अयोध्या से भगवान रामलला के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे. मिली जानकारी के अनुसार, ललितपुर जिले के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी अपने परिवार के साथ अयोध्या गए थे. सोमवार तड़के करीब 6 बजे जब वे लौट रहे थे, तभी रास्ते में कार चला रहे ड्राइवर को अचानक नींद की झपकी आ गई. इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार



बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए. हादसे के समय कार में कुल 10 लोग मौजूद थे. इनमें से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. घायलों में 4 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना के बाद का दृश्य बेहद भयावह था. कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो चुका था. घायलों को बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोगों और पुलिस को करीब एक घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. केबिन में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया. शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मामले की जांच जारी है. पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे-27 पर यह हादसा हुआ है और सभी मृतक ललितपुर जिले के निवासी हैं. यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और लंबी दूरी की यात्रा के दौरान सतर्कता की जरूरत को उजागर करता है.

# बीवी के 3 आशिक और खूनी बीयर पार्टी: बागपत में पति को रास्ते से हटाने के लिए जिगरी दोस्तों ने रची साजिश

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**बागपत**, दोस्ती और भरोसे के कत्ल की रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है. यहां एक शख्स की पत्नी के तीन प्रेमियों ने मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया. हैरान करने वाली बात यह है कि हत्यारे मृतक के ही करीबी दोस्त थे, जिन्होंने बीयर पार्टी के बहाने उसे बुलाया था.उत्तर प्रदेश के बागपत के शहर कोतवाली क्षेत्र के मितली गांव में 2 मई की सुबह फास्ट फूड विक्रेता मूलचंद उर्फ सोनू का शव एक ट्यूबवेल पर मिला था. अब खुलासा हुआ है कि मृतक के तीन दोस्तों विशाल, दीपक और रिंकू ने मूलचंद की पत्नी के साथ अपने



अवैध संबंधों के चलते इस हत्या को अंजाम दिया. तीनों ने मूलचंद को घर से फोन कर ट्यूबवेल पर बुलाया और पहले साथ बैठकर शराब व बीयर पी. जैसे ही मूलचंद नशे में धुत्त हुआ, इन तीनों ने ईंट से उसका सिर कूचकर उसे मार डाला. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल ईंट बरामद कर ली है.

**दोस्ती की आड़ में दगाबाजी**

मृतक मूलचंद उर्फ सोनू गांव में ही फास्ट फूड की दुकान चलाता था. उसे अंदाजा भी नहीं था कि जिन तीन दोस्तों- विशाल, दीपक और रिंकू- को वह अपना जिगरी यार समझता था, वे ही उसकी पीठ में छुरा घोंप रहे हैं. इन तीनों का मूलचंद की पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था. मूलचंद को इस अवैध रिश्ते में कांटा मानते हुए तीनों ने उसे रास्ते से हटाने का खौफनाक प्लान तैयार किया.साजिश के मुताबिक, आरोपियों ने मूलचंद को पार्टी के बहाने ट्यूबवेल पर बुलाया. वहां घंटों तक बीयर और शराब का दौर चला. जब मूलचंद पूरी तरह नशे की हालत में आ गया और अपना बचाव करने की स्थिति में नहीं रहा, तब तीनों ने मिलकर पास पड़ी ईंट उठाई और उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए. मौके पर बिखरी शराब की बोतलें और खून से सनी ईंटें इस बर्बरता की गवाह बनीं घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सूरज राय के निर्देशन में टीम ने पड़ताल शुरू की. घटनास्थल के हालात और कॉल रिकॉर्ड्स के आधार पर पुलिस ने तीनों संदिग्धों को हिरासत में लिया. सख्ती से हुई पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. एसपी ने बताया कि आरोपियों ने अवैध संबंधों की बाधा दूर करने के लिए इस हत्याकांड को अंजाम दिया था.

# दिल्ली में तीन दोस्तों को दौड़ा-दौड़ाकर मारे चाकू, लाडो सराय में सरेआम हुई वारदात

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**दिल्ली ।** लाडो सराय में पेट्रोल पंप पर चार हमलावरों ने तीन युवकों पर चाकू से हमला किया, जिसमें अली अमन की मौत हो गई और दो घायल हैं। वारदात के दौरान मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे, पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



### लाडो सराय में सरेआम हुई वारदात

नई दिल्ली: साउथ-डिस्ट्रिक्ट के लाडो सराय इलाके में शनिवार रात पेट्रोल पंप पर शनिवार रात चार हमलावरों ने बाइक में तेल डलवाने आए तीन युवकों को घेरकर दौड़ा-दौड़ा कर चाकू मार दिए। सरेआम भीड़भाड़ वाले पेट्रोल पंप पर हमलावर ताबड़तोड़ वार करते रहे, लेकिन वहां मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। हमले में 24 वर्षीय अली अमन की मौत हो गई। जबकि उसके दो दोस्त सुफियान और ऋतिक गंभीर रूप से घायल हैं। साकेत थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार रात करीब 11 बजे लाडो सराय स्थित पेट्रोल पंप पर हुई। अली अमन अपने दोस्तों सुफियान और ऋतिक के साथ बाइक में पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। इसी दौरान चार से पांच की संख्या में आए युवकों ने अचानक तीनों पर हमला बोल दिया। परिजनों के अनुसार, हमला होते ही तीनों युवक जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया औरचाकुओं से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। अली अमन पर 20 से ज्यादा, ऋतिक पर 15 से 20 और सुफियान पर करीब 8 वार किए गए। हमलावर तीनों को लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद तीनों को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अली अमन को मृत घोषित कर दिया। ऋतिक की हालत नाजुक बनी हुई है। जबकि सुफियान का इलाज जारी है। वहीं घटना के दौरान पेट्रोल पंप पर स्टाफ के अलावा काफी संख्या में ग्राहक भी मौजूद थे। पीड़ित मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन किसी ने हमलावरों को रोकने या बीच-बचाव की हिम्मत नहीं दिखाई। अली अमन पर 20 से ज्यादा, ऋतिक पर 15 से 20 और सुफियान पर करीब 8 वार किए गए मौके पर काफी लोग थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव की नहीं दिखाई हिम्मत

### ऑटो चलाकर परिवार चला रहे थे अली

मृतक के रिश्तेदार यूसुफ अली खान ने बताया कि अली अमन ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। वह घर का इकलौता बेटा था। परिवार में मां और दो बहनें हैं। एक बहन की जल्द शादी होने वाली थी। उन्होंने कहा, अली बहुत सीधा-सादा लड़का था। परिवार की सारी जिम्मेदारी उसी पर थी। वहीं मृतक की मौसी बीनू ने कहा कि लोग अक्सर ऐसे मामलों में तमाशा देखते रहते है। अगर वहां मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाई होती तो मेरा लाल बच सकता था। वहीं पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।

### पुलिस अधिकारी के अनुसार

पुलिस अधिकारी के अनुसार तीनों महरौली स्थित इस्लाम कॉलोनी में रहते हैं। घायलों ने चार लड़कों का नाम लिया है। पुलिस चारों आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं सूत्रों की मानें तो आरोपी और पीड़ित एक दूसरे को पहले से जानते हैं। घटना से पहले दोनों पक्षों की मुलाकात भी हुई थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। ओखला फेज-2 स्थित पार्क में मामूली कहासुनी खूनी झगड़े में बदल गई। तीन युवकों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया, जबकि बीच-बचाव करने आए उसके दोस्त को भी घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना 29 अप्रैल की शाम की है। अस्पताल में पुलिस को गोविंदपुरी निवासी 17 वर्षीय अनमोल कुमार ने बताया कि वह दोस्त समीर के साथ पार्क में खेल रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद अरमान से समीर की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद अरमान अपने भाई और साथी शहबाज के साथ वापस पार्क में पहुंचा। तीनों ने समीर पर हमला कर दिया। बीच-बचाव अनमोल पर भी हमला कर दिया। मैदानगढ़ी में सौतेले पिता को चाकू घोंपा साउथ डिस्ट्रिक्ट के मैदानगढ़ी इलाके में मां की दूसरी शादी से नाराज बेटे ने अपने सौतेले पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी युवक पेट में चाकू घोंपकर उसे वहीं फंसा छोड़ साथियों के साथ फरार हो गया।

# अयोध्या से दर्शन करके ललितपुर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार, जालौन में 6 लोगों की मौत

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**जालौन।** जिले में सोमवार की सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (ह॥-27) पर कालपी कोतवाली क्षेत्र के 84 गुंबद नामक स्थान के पास एक तेज रफ्तार टवेरा कार ने पीछे से ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ललितपुर जिले के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी (49) अपने पूरे परिवार के साथ अयोध्या से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। सुबह लगभग 6 बजे जब वे कालपी क्षेत्र में पहुंचे, तभी चालक को अचानक नींद आने से कार अनियंत्रित हो गई और सामने जा रहे ट्रक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जिससे टक्कर इतनी भीषण हुई कि टवेरा के परखच्चे उड़ गए।



### घटनास्थल पर 4 की मौत, इलाज के दौरान 2 ने तोड़ा दम

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना जबरदस्त था कि 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य घायलों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, मृतकों में शशिकांत तिवारी, कृष्णकांत नायक, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी और अंशुल तिवारी शामिल हैं। सभी महरौनी, ललितपुर के निवासी बताए जाते हैं।

### कार में फंसे रहे लोग

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार में लोग फंस गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार के दरवाजे काटकर घायलों को बाहर निकाला। कुछ लोग लगभग एक घंटे तक मलबे में दबे रहे। सभी घायलों को तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया। कार में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज भोंडले और देशराज भी शामिल हैं, जिनका इलाज जारी है।

### प्रशासन सक्रिय, एसपी ने दिए निर्देश

हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। जालौन एसपी विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में चालक को नींद आना हादसे का कारण नजर आ रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

## दिल्ली कांग्रेस में बड़ा फेरबदल, नए उपाध्यक्षों और महासचिवों की नियुक्ति पर अध्यक्ष ने लगाई मुहर.



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्षों और महासचिवों की नियुक्ति को प्रस्ताव को तुरंत प्रभाव से मंजूरी दे दी है। कांग्रेस ने रविवार को अपनी दिल्ली इकाई में एक नए संगठनात्मक फेरबदल की घोषणा की थी, जिसमें उपाध्यक्षों और महासचिवों की नई नियुक्ति और तत्काल प्रभाव से राजनीतिक मामलों की 31 सदस्यीय समिति का गठन शामिल है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी किए गए दो अलग-अलग बयानों में पार्टी ने कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) में की गई नियुक्तियों को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंजूरी दे दी है।

### पार्टी के 12 नेताओं को किया गया नामित

पार्टी ने 12 नेताओं को उपाध्यक्ष नामित किया है, जिनमें सुरेंद्र कुमार, हरिशंकर गुप्ता, भीष्म शर्मा, सी.पी. मित्तल, कमलकांत शर्मा, जगजीवन शर्मा, आभा चौधरी, तस्वीर सोलंकी, मुदित अग्रवाल, लक्ष्मण रावत, अली मेहंदी और अब्दुल हन्नान का नाम शामिल है। इसके अलावा पार्टी ने 26 नेताओं को महासचिव नियुक्त किया है। वहीं, पार्टी ने दिल्ली इकाई के लिए राजनीतिक मामलों की 31 सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में देवेंद्र यादव, अजय माकन, जेपी अग्रवाल, सुभाष चोपड़ा, अनिल चौधरी, संदीप दीक्षित, अलका लांबा, रमेश कुमार, उदित राज, राजेंद्र पाल गौतम, राजेश लिलोठिया, हारून यूसुफ, कृष्णा तीरथ और योगानंद शास्त्री जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

## ब्रेन डेड महिला के हार्ट से 14 साल के बच्चे को मिला नया दिल, ग्रीन कॉरिडोर से 20 मिनट में पहुंचा अस्पताल

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नई दिल्ली।** साहस और संवेदनशीलता का एक बेहतरीन उदाहरण सामने आया है। एक मां के निधन के बाद लिया गया परिवार का साहसिक फैसला 14 साल के एक बच्चे के लिए नई जिंदगी बन गया। ब्रेन डेड घोषित की गई सेना अधिकारी की पत्नी के अंगदान से बच्चे को नया दिल मिला, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। 2 मई को पंचकुला स्थित कमांड हॉस्पिटल में भारतीय सेना के 41 वर्षीय महिला को ब्रेन डेड घोषित किया गया। इस कठिन समय में उनके पति और दो बेटियों ने अंगदान का फैसला लिया, जिसने कई जिंदगियों को नई उम्मीद दी।




### दिल्ली के अस्पताल तक ऐसे पहुंचा दिल

ब्रेन डेड घोषित होने के बाद उनका दिल नई दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल को आवंटित किया गया। अपोलो अस्पताल की एक विशेष मेडिकल टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जरूरी व्यवस्था की और अंग को जल्दी लाने के लिए एक प्राइवेट विमान हायर किया। टीम चंडीगढ़ गई, वहां ब्रेन डेड महिला का हार्ट निकाला, उसे स्पेशल बॉक्स में प्रिजर्व किया और तय समय के भीतर उसे नई दिल्ली वापस लेकर आई। इस दिल को 14 साल के एक बच्चे में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया, जिससे उसे नई जिंदगी मिली। फिलहाल मरीज स्थिर है और आईसीयू में निगरानी में है।प्राइवेट प्लेन, ट्रैफिक के बाद डॉक्टरों का करिश्मा यह जटिल ऑपरेशन कई एजेंसियों के बेहतर तालमेल से संभव हो पाया। चंडीमंदिर के कमांड अस्पताल के कर्नल अनुराग गर्ग के नेतृत्व और तालमेल की विशेष सराहना की गई। हरियाणा ट्रैफिक पुलिस, पंजाब ट्रैफिक पुलिस और एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ ने भी तेजी से आवाजाही और प्राथमिक अनुमति देने में मदद की। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बदरपुर के ट्रैफिक प्रभारी सब-इंस्पेक्टर अनिल कुमार की निगरानी में दिल्ली एयरपोर्ट से अपोलो अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया, जिससे दिल को सिर्फ 20 मिनट में अस्पताल पहुंचाया गया। हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जन डॉक्टर मुकेश गोयल ने बताया कि 15 साल का एक लड़का पिछले एक साल से एंड-स्टेज हार्ट फेलियर से जूझ रहा था। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे लगभग हर महीने अस्पताल में भर्ती करना पड़ता था। उसके लिए हार्ट ट्रांसप्लांट ही एकमात्र विकल्प था। दो महीने पहले उसे नैशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन में रजिस्टर किया गया था। एक हफ्ते पहले उसकी हालत फिर बिगड़ गई और उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। 2 मई को चंडीमंदिर के कमांड अस्पताल में एक उपयुक्त डोनर हार्ट उपलब्ध हुआ। डोनर 41 वर्षीय महिला थीं, जिन्हें दो हफ्ते पहले गंभीर ब्रेन हेमरेज हुआ था और वे ब्रेन डेड हो गई थीं। उनके परिवार ने अंगदान का फैसला लिया, जिससे कई लोगों की जान बची। दिल को चार घंटे के भीतर मरीज के शरीर में लगा कर ब्लड फ्लो शुरू करना जरूरी होता है।

## पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति का निधन, लखनऊ SGPGI में ली अंतिम सांस, प्रयागराज में होगा अंतिम संस्कार



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**लखनऊ.** पूर्व भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का सोमवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने लखनऊ स्थित SGPGI में सुबह करीब 7 बजे अंतिम सांस ली। रीता बहुगुणा जोशी ने अपने आधिकारिक ङ्ग अकाउंट के जरिए इस दुखद समाचार की जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

### कुछ समय से चल रहे थे अस्वस्थ

परिजनों के मुताबिक, पीसी जोशी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और SGPGI में उनका इलाज चल रहा था। सोमवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उनका निधन हो गया। पीसी जोशी पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर थे। उन्होंने तकनीकी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 1976 में उनका विवाह रीता बहुगुणा जोशी से हुआ था। वे अपने सरल, मिलनसार और अनुशासित व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। प्रयागराज में होगा अंतिम संस्कार परिवार के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर सोमवार देर शाम प्रयागराज लाया जाएगा। मंगलवार को प्रयागराज में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सीएम योगी ने जताया शोक वहीं, इस दुखद खबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने ङ्ग पर लिखा कि पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति का निधन अत्यंत दुखद है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

## गंदे नाले किनारे छिपाकर रखा था अवैध शराब का जखीरा, माफिया के 'पातालोक' तक पहुंची टीम




महानगर मेट्रो ब्यूरो

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान शराब तस्करों की चालाकी उस वक्त धरी की धरी रह गई, जब विभाग की टीम ने उनके हैरतअंगेज ठिकानों पर दबिश दी। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और ग्वालियर संभाग उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत, तस्करों द्वारा नाले के किनारे जमीन में छिपाकर रखी गई अवैध शराब को जब्त किया गया है।

### बोरखेड़ा और बेरखेड़ी में दबिश

जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट ने बताया कि ग्राम बोरखेड़ा चक और बेरखेड़ी में घेराबंदी की। इस दौरान बोरखेड़ा में तस्करों ने गंदे नाले के बिल्कुल समीप 6 प्लास्टिक ड्रमों में करीब 300 किलोग्राम लाहन जमीन में छिपा रखा था, जिसे टीम ने बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं, ग्राम बेरखेड़ी में एक झोपड़ी के भीतर बोरियों में पानी के पाउच की शक्ल में भरकर रखी गई 35 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई।

अवैध नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई
नाले में छिपाकर रखी गई शराब बरामद
पुलिस ने दबिश लेकर बरामद की सामग्री
पुलिस ने कहा- जारी रहेगा नशे के खिलाफ अभियान

### अधिकारियों ने कहा- जहरीली थी शराब

जब्त की गई इस पूरी सामग्री का अनुमानित मूल्य करीब 16,000 रुपये आंका गया है। इस मामले में विभाग ने आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि यदि यह जहरीली शराब बाजार में आती तो भारी तबाही मचाती।

### जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान

अधिकारियों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में अवैध नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अवैध और जहरीली शराब को जब्त कर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## निस्वार्थ प्रेम: जहाँ भावनाएं 'सवाल' नहीं, 'संबल' होती हैं

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**लेख: पवन माकन.** आज के इस दौर में जहाँ हर रिश्ता किसी न किसी ज़रूरत या मतलब की बुनियाद पर टिका नज़र आता है, वहाँ 'निस्वार्थ प्रेम' की परिभाषा कहीं खो सी गई है। अक्सर हम जिसे अपना मानकर अपना सर्वस्व और अपनी चिंताएं समर्पित कर देते हैं, सामने वाला उसे प्रेम के बजाय 'पाबंदी' या 'सवाल' समझने लगता है।

सच्चाई तो यह है कि 'मैंने तुम्हें स्वार्थ के लिए प्यार नहीं किया! ' जब कोई व्यक्ति आपकी हर पल चिंता करता है, तो वह आप पर शक नहीं कर रहा होता, बल्कि वह आपके साथ खड़ा होने का अहसास दिला रहा होता है। आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में हर इंसान व्यस्त है। समय किसी के पास नहीं है, लेकिन उस व्यस्तता के बीच भी कोई आपके लिए कितने Efforts (प्रयास) लगाता है, यही एक सच्चे संबंध की असली पहचान है।

### डिजिटल दौर और धड़कता अहसास

आजकल की तकनीक के युग में चाहे 'स्ब्1द्ग स्थ्र्ठ्ठद्वश्ठ' साझा करना हो या एक-दूसरे की गतिविधियों से जुड़े रहना, यह जासूसी नहीं बल्कि एक-दूसरे के प्रति फिक्र का हिस्सा है। यह एक ऐसी आदत है जो बताती है कि कोई हृदय आपके लिए हर पल धड़क रहा है। लेकिन विडंबना देखिए, जब समर्पण गहरा होता है, तो अक्सर उसे 'सवाल' का नाम दे दिया जाता है। प्रेम का अर्थ अधिकार जताना नहीं, बल्कि एक अटूट विश्वास और साथ देना है। अगर मेरी हर भावना तुम्हें एक सवाल लगती है, तो शायद कमी मेरे प्रेम में नहीं, बल्कि उसे समझने के नज़रिए में है। प्रेम स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि उम्र भर के साथ के लिए किया जाता है।

हमें यह समझने की ज़रूरत है कि जो व्यक्ति आपके लिए समय निकालता है और आपकी फिक्र करता है, वह दुनिया का सबसे कीमती इंसान है। भावनाओं को सवालों के घेरे में खड़ा करने के बजाय, उन्हें समझने की कोशिश करें।

## सेल्फी-रील्स बनाना पड़ेगा महंगा, मिसिंग लिंक पर क्या न करें? महाराष्ट्र सरकार ने एडवाइजरी बताया

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस पर मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के मिसिंग लिंक का मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्घाटन किया था। अब इस 'मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट' को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। इस मिसिंग लिंक से फर्राटा भरने के लिए पूरा महाराष्ट्र इंतजार कर रहा था। सीएम फडणवीस ने 'मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट' आम लोगों के लिए खुलने को 'स्वप्नपूर्ति' कहा है। इस लिंक से लोगों के आवाजाही से मुंबई-पुणे की यात्रा करीब 20 से 30 मिनट जल्दी पूरी होगी। इतना ही नहीं लोगों को नए रोमांच का अनुभव होगा। ऊंच केबल ब्रिज और सुरंग से होकर गुजरेंगे। इसी के साथ सरकार ने सेल्फी, रील्स और स्पीड को लेकर ड्राइवरों और यात्रियों को आगाह भी किया है।

### ड्राइवरों के जारी की एडवाजरी

महाराष्ट्र सरकार ने 'मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट' आम लोगों के लिए खुलने के साथ ही ड्राइवरों और यात्रियों के लिए एक बेहद जरूरी घोषणा की है। सरकार ने कहा है कि यशवंतराव चव्हाण मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 'कनेक्टिंग लिंक' (मिसिंग लिंक) का उद्घाटन होने के बाद इसे अब ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया है, हालांकि प्रशासन ने यह देखा है कि यात्रा के दौरान ड्राइवर केबल-स्टेड ब्रिज और सुरंगों के पास अपनी गाड़ियां रोककर सेल्फी और फोटो ले रहे हैं। एक्सप्रेसवे पर गाड़ियां रोकना मना है, और इससे गाड़ी मालिकों के लिए दुर्घटना का खतरा पैदा होता है। इसलिए, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने लोगों से ऐसा न करने की अपील की है। 100 KM प्रति घंटा है स्पीड

हाईवे पुलिस ने एक नोटिफिकेशन जारी करके मुंबई-पुणे कनेक्टिंग लिंक प्रोजेक्ट के लिए स्पीड लिमिट (गति सीमा) की घोषणा की है। सुरंग के अंदर हल्के मोटर वाहनों के लिए 100 किमी/घंटा की स्पीड लिमिट तय की गई है, और बसों व यात्री वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा की। कनेक्टिंग लिंक प्रोजेक्ट में शामिल दोनों सुरंगें और दोनों पुल 24&7 पूरी तरह से सीसीटीवी की निगरानी में हैं।

## बंगाल फतह के बाद बीजेपी का 'ऑपरेशन लोटस'? राज्यसभा में टीएमसी को लग सकता है अब तक का सबसे बड़ा झटका

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**कोलकाता।** बंगाल चुनाव के नतीजों की गूँज अभी थमी भी नहीं थी कि देश की राजधानी दिल्ली से एक ऐसी खबर आ रही है जिसने राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। सूत्रों के हवाले से मिल रही जानकारी के मुताबिक, ममता बनर्जी के गढ़ में बड़ी सेंधमारी की तैयारी हो चुकी है। दावा किया जा रहा है कि तृणमूल कांग्रेस (ञ्जरूष्ट) के 13 राज्यसभा सांसदों में से 9 सांसद पाला बदलकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं।

**सियासी भूचाल:** क्या बिखर जाएगा ममता का कुनबा अगर ये आंकड़े हकीकत में बदलते हैं, तो यह केवल दलबदल नहीं बल्कि टीएमसी के वजूद पर एक बड़ा प्रहार होगा। राज्यसभा में टीएमसी की ताकत आधी से भी कम रह जाएगी। सूत्रों की मानें तो ये सांसद पिछले कुछ समय से बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में हैं और सही मौके का इंतजार कर रहे हैं।

### राज्यसभा का गणित: क्यों अहम है ये आंकड़ा?


राज्यसभा में फिलहाल संख्या बल का खेल बेहद नाजुक मोड़ पर है। यदि टीएमसी के 9 सांसद एक साथ इस्तीफा देते हैं या पाला बदलते हैं, तो:

- बीजेपी का उच्च सदन में दबदबा निर्विवाद हो जाएगा।
- विपक्ष की घेराबंदी पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी।
- केंद्र सरकार को महत्वपूर्ण बिल पास कराने के लिए क्षेत्रीय दलों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा।

### दिल्ली की सियासत में 'खेला' होने के संकेत

जानकारों का कहना है कि बंगाल की जीत के बाद जिस तरह की आक्रामकता की उम्मीद थी, उसके उलट ये अंदरूनी बगावत टीएमसी के लिए आत्मघाती साबित हो सकती है। महानगर मेट्रो को मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली में बैठकों का दौर शुरू हो चुका है और अगले 48 घंटे बंगाल से लेकर दिल्ली तक की राजनीति के लिए बेहद 'घातक' साबित हो सकते हैं।

'राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। अगर 9 सांसद एक साथ मूव करते हैं, तो एंटी-डिफेक्शन लॉ (दलबदल कानून) की पेचीदगियां भी बदल



जाएंगी।' - राजनीतिक विश्लेषक

**बड़ी बातें जिन पर टिकी हैं सबकी नजरें:**

1. क्या ममता बनर्जी इस संभावित टूट को रोकने में कामयाब होंगी?
2. क्या बीजेपी बंगाल की हार का बदला राज्यसभा में 'खेला' करके लेगी?
3. वो 9 नाम कौन से हैं जो दीदी का साथ छोड़ने को तैयार हैं?

महानगर मेट्रो इस बड़ी खबर पर लगातार बना हुआ है। पल-पल की अपडेट के लिए जुड़े रहिए हमारे साथ।

## प्रॉपर्टी के लिए ट्रिपल मर्डर, सोलापुर में भाई ने खत्म कर दिया भाई का पूरा परिवार

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**सोलापुर।** जिले में संपत्ति विवाद ने एक भयावह रूप ले लिया, जब परिवार के भीतर ही खून-खराबा हो गया. दक्षिण सोलापुर तालुका के एक गांव में गुरुवार आधी रात को हुए तिहरे हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया है. आरोप है कि सगे चाचा ने ही अपने भाई के परिवार पर हमला कर तीन लोगों की जान ले ली.

पुलिस के अनुसार, इस घटना में गायत्री सुधाकर मस्के, उनकी बेटी प्रिया मस्के और बेटे शिवराज मस्के की मौत हो गई. वारदात के बाद गांव में सन्नाटा और लोगों में गुस्सा दोनों साफ महसूस किया जा रहा है.

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका गायत्री मस्के और मुख्य आरोपी शंकर उर्फ पप्पू मस्के के बीच पिछले कुछ महीनों से जमीन के




बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था. बताया जा रहा है कि गायत्री मस्के ने आरोपी से करीब 25 लाख रुपये की उधारी भी वापस मांगी थी. इसी बात को लेकर दोनों के बीच तनाव बढ़ता गया. गुरुवार रात यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही सोलापुर तालुका पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. इस मामले में मुख्य आरोपी शंकर मस्के समेत कुल छह लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है. हालांकि, वारदात के बाद से मुख्य आरोपी फरार है और उसकी तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं. स्थानीय अपराध शाखा की टीम भी आरोपी की धरपकड़ में जुटी हुई है.

पुलिस निरीक्षक राहुल देशपांडे ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इस घटना ने एक बार फिर रिश्तों में बढ़ते तनाव और संपत्ति विवादों के खतरनाक अंजाम की ओर इशारा किया है.

गांव में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटना ने इंसानी रिश्तों को शर्मसार कर दिया है. प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है.

## तपती धूप में बेज़ुबानों का सहारा बना जैन महिला संगठन, इंदौर के 4 क्षेत्रों में निःशुल्क सकोरे वितरित

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**इंदौर:** भीषण गर्मी की आहट के साथ ही बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतजाम करने हेतु राष्ट्रीय खंडेलवाल सरावगी दिगंबर जैन महिला संगठन, इंदौर ने एक सराहनीय पहल की है। संगठन के संस्थापक संदीप शीतल पहाड़िया के मार्गदर्शन में 'निशुल्क सकोरे वितरण' अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत इंदौर के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के चार प्रमुख मंदिरों में सकोरों का वितरण किया गया।

### आचार्य श्री विभव सागर जी का मिला आशीर्वाद

अभियान की शुरुआत नेमीनगर जैन कॉलोनी से हुई, जहाँ आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज (ससंघ 13 मुनिराज एवं आर्यिका माताजी) का सानिध्य प्राप्त हुआ। आचार्य श्री ने अपने मंगल प्रवचन में महिला संगठन के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 'जैन धर्म में जीवदया ही मुख्य संदेश है। सामाजिक कार्यों के माध्यम से पशु-पक्षियों की रक्षा करना साक्षात पुण्य संचय का मार्ग है। ' चार क्षेत्रों में सेवा की बयार: एक नजर में संगठन ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में अपनी सक्रियता दिखाते हुए समाज को जागरूक किया:

**1. नेमीनगर जैन कॉलोनी:**

अध्यक्ष ज्योति सेठी और दक्षिण क्षेत्र अध्यक्ष दीपिका गंगवाल के नेतृत्व में समाजजन ने सकोरे लिए। यहाँ कैलाश लुहाड़िया, गिरीश पाटोदी और दिनेश सेठी जैसे प्रमुख समाजजन उपस्थित रहे।

**2. राजेंद्र नगर मंदिर (अन्नपूर्णा):** यहाँ छोटी आबादी होने के बावजूद उत्साह बड़ा दिखा। संयोजिका मीना पाटनी और रजनी पाटनी की टीम ने घर-घर सकोरे पहुँचाने की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और अन्य समाज को भी प्रेरित किया।

**3. राजमोहल्ला दिगंबर जैन मंदिर:** शहर के मध्य क्षेत्र में हरियाली की कमी को देखते हुए शशि प्रभा बाकलीवाल और उनकी टीम ने न केवल सकोरे बांटे, बल्कि लोगों से 10-15 फीट ऊंचे छायादार पौधे लगाने का भी अनुरोध किया ताकि पक्षियों को बसेरा मिल सके।

**4. ओम विहार कॉलोनी (एयरपोर्ट रोड):** यहाँ रश्मि पाटोदी और प्रीति बडजात्या की टीम ने मंदिर




प्रांगण में पालतू जानवरों के लिए भी बड़े सकोरे रखवाकर अभियान को विस्तृत रूप दिया। पंकज काला और सतीश कासलीवाल सहित कई गणमान्य नागरिकों ने इसमें सहयोग किया।

### जीवदया का संकल्प

इस पूरे आयोजन में समाज के परिवारों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से इन सकोरों में दाना-पानी भरेंगे। पश्चिम क्षेत्र की अध्यक्ष प्रियंका डोसी, महासचिव नमिता कासलीवाल, श्वेता काला और मोनिका अजमेरा ने चारों केंद्रों की संयोजक टीमों का आभार व्यक्त करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की।

## मध्य प्रदेश में 62 IPS अफसरों के तबादले, 19 जिलों के SP बदले; सिंगरौली और सिवनी में विवादों की गाज

**अफसरों की तबादला सूची में सबसे प्रमुख नाम सिंगरौली के स्क्कमनीष खत्री का है. जिले में दिन-दहाड़े हुई 15 करोड़ रुपये की बैंक डकैती के बाद उन्हें हटाकर भोपाल पुलिस मुख्यालय में एआईजी नियुक्त किया गया है.**

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**मध्य प्रदेश।** सरकार ने बड़ा फेरबदल करते हुए 62 IPS अफसरों का तबादला कर दिया. इनमें 19 पुलिस अधीक्षक शामिल हैं, जिन्हें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से लेकर पुलिस उपायुक्त स्तर तक की नई भूमिकाएं सौंपी गई हैं. दिन के शुरुआती घंटों में जारी एक आदेश में गृह विभाग ने सिंगरौली के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री का तबादला कर दिया और उन्हें भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर तैनात किया. यह तबादला जिले के एक बैंक में दिन-दहाड़े हुई 15 करोड़ रुपये की हालिया लूट की घटना के बाद किया गया है. सिवनी के पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता को इंदौर का DCP नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति



ऐसे समय में हुई है जब जिले में पुलिस अधिकारियों की संलिप्तता वाले एक हवाला रैकेट की जांच चल रही है. आदेश के अनुसार, भिंड, शिवपुरी, रीवा, सागर, धार, मुरैना, छतरपुर, खंडवा, नीमच, पांढुर्ना, सिंगरौली, दमोह और सिवनी सहित 19 जिलों के पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया है. इस आदेश के तहत, कई ऐसे IPS अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं जो DIG रैंक पर पदोन्नति मिलने के बाद भी SP के पद पर ही कार्यरत थे. रीवा के SP शैलेंद्र चौहान को भोपाल में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) नियुक्त किया गया है; धार के SP मयंक अवस्थी को इंदौर में पुलिस उप महानिरीक्षक नारकोटिक्स के पद पर तैनात किया गया है, और झाबुआ के SP शिवदयाल को भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में DIG बनाया गया है. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रेडियो) रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढ़ा (SP रेल, भोपाल) और सिमाला प्रसाद (SP रेल, जबलपुर) को पुलिस मुख्यालय में DIG के पद पर तैनात किया गया है.

आदेश में बताया गया है कि भिंड के SP असित यादव को ग्वालियर रेंज का DIG नियुक्त किया गया है, जबकि भोपाल के DCP (जोन-2) विवेक सिंह को शहडोल रेंज का DIG बनाया गया है.

## बंगाल में खिला कमल तो गदगद हुए सीएम मोहन, बोले- 'ममता जब निर्ममता करेगी तो...'




महानगर मेट्रो ब्यूरो

**भोपाल.** राजधानी की रातीबड़ पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिसने अपने दोस्त के साथ मिलकर केवल घरेलू गैस सिलेंडरों की चोरी का 'बिजनेस' बना लिया था। ताज्जुब की बात यह है कि इन चोरों ने ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव का फायदा उठाया, क्योंकि इससे गैस की सप्लाई प्रभावित हुई और इन्हें सिलेंडर के ऊंचे दाम मिलने लगे।

### दिनदहाड़े सूने मकानों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक'

रातीबड़ थाना प्रभारी आरबी शर्मा के मुताबिक, आरोपी सतीश राजपूत (24) और उसका फरार साथी राहुल शर्मा दिन के समय सूने घरों की रेकी करते थे। जैसे ही इन्हें पता चलता कि घर में कोई नहीं है, ये ताला तोड़कर अंदर घुसते और केवल गैस सिलेंडर लेकर चंपत हो जाते। सिलेंडर को बेचना और नकदी में बदलना इनके लिए आसान था। यह मामला 1 मई को तब सामने आया जब एक पीड़ित परिवार विदिशा में शादी अटेंड कर लौटा और घर के ताले टूटे मिले। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए करीब 125 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से सतीश को धर दबोचा गया।आरोपी ने पूछताछ में कबूला है कि वह और उसका साथी महंगी शराब पीने और अपनी लाइफस्टाइल को मेंटेन करने के लिए यह चोरियां करते थे। आरोपी पहले भी गैस सिलेंडर चोरी के मामले में जेल जा चुका है। आरबी शर्मा, थाना प्रभारी, रातीबड़ ईरान-इजरायल जंग का उठाया फायदा पुलिस की पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। आरोपियों ने बताया कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण मार्केट में गैस की किल्लत की खबरें थीं। इस स्थिति का फायदा उठाकर वे चोरी के सिलेंडर को ऊंचे दामों पर ब्लैक में बेच देते थे।

## सीटी बजाने पर स्कूटी सवार महिला ने युवक को बीच सड़क सैंडल से 'सूत' दिया, पुलिस ने दोनों पर ठोकी FIR

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**अशोकनगर.** सीटी बजाने पर स्कूटी सवार महिला ने युवक को बीच सड़क सैंडल से 'सूत' दिया, पुलिस ने दोनों पर ठोकी FIR अशोकनगर में छेड़छाड़ करना एक युवक को भारी पड़ गया। स्कूटी से जा रही महिला को देख युवक ने सीटी क्या बजाई, महिला ने बीच सड़क सैंडल उतारकर उसकी ऐसी क्लास लगाई कि वीडियो वायरल हो गया। मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में स्कूटी से जा रही दो महिलाओं को देख युवक को सीटी बजाना उस समय महंगा पड़ गया। जब महिला ने उतरकर युवक की बीच सड़क कॉलर पकड़ कर सैंडिल से पटाई कर दी इसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### टिफिन देने जा रही थी महिला

मामला जिले के पिपरई रोड स्थित बंधन मैरिज गार्डन का है। शनिवार की रात 8:30 बजे शहर के बाहुबली कॉलोनी की रहने वाली एक महिला एक अन्य महिला के साथ जा रही थी। तभी विकास रजक नाम के लड़के ने सीटी बजाई। आवाज सुनकर महिला आग बबूला हो गई और स्कूटी रोककर युवक के साथ पहले झूमा झटकी की और फिर सैंडल निकाल कर मारने लगी। महिला ने बताया कि वह टिफिन सेंटर चलाती है और कर्मचारी नहीं था इसलिए खुद टिफिन देने जा रही थी। तभी उसके साथ यह घटना हुई।

### एक महिला ने की मारपीट, दूसरी बनाती रही वीडियो

इस बीच महिला ने युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया और उसके साथ बीच रोड पर मारपीट की। वहीं एक अन्य महिला ने उसकी वीडियो बनाई इतना ही नहीं, महिलाओं ने युवक की मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ की। इस बीच हंगामे के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर देहात थानाप्रभारी भुवनेश शर्मा भी पहुंचे और मामले को शांत कराया। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला की शिकायत पर विकास रजक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया तो वहीं दूसरे पक्ष से फरियादी विकास रजक की शिकायत पर महिला पर मारपीट सहित गाली गलौज की धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया।

## फायरब्रांड नेता नाजिया इलाही खान को पाकिस्तान से मिली जान से मारने की धमकी, बोलीं- मैं डरने वाली नहीं



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**खरगोन।** सुप्रीम कोर्ट की वकील और भाजपा की फायरब्रांड नेता नाजिया इलाही खान को पाकिस्तान से जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने खुद इसका खुलासा किया है, जिसके बाद हड़कंप मच गया। जानकारी अनुसार खरगोन में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे आईं थी। मंच से भाजपा की फायरब्रांड नेता नाजिया इलाही खान ने मंच से एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इंदौर से खरगोन आते समय उनके मोबाइल पर पाकिस्तान के नंबर से एक कॉल आया, जिसमें उन्हें धमकी दी गई कि 'खरगोन पहुंचोगी तो मृत्यु हो जाएगी। '

### मैं इस तरह की धमकियों से डरने वाली नहीं: नाजिया इलाही

नाजिया इलाही खान ने कहा कि मैं तरह की धमकियों से वे डरने वाली नहीं हैं। उन्होंने मंच से जवाब देते हुए कहा कि एक समय था जब खरगोन को सिमी और पाकिस्तान समर्थित तत्वों ने प्रभावित करने की कोशिश की थी, लेकिन अब यह क्षेत्र विकास और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने अपने विरोधियों द्वारा 'जहरीला' कहे जाने पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि वे भगवान शिव की भक्त हैं और यह 'जहर' उनके लिए प्रसाद के समान है। 'अखिल भारतीय हिंदवी गौरव सम्मान' से नवाजा गया कार्यक्रम के दौरान विविधा संस्था द्वारा वर्ष 2026 का 'अखिल भारतीय हिंदवी गौरव सम्मान' नाजिया इलाही खान को प्रदान किया गया। इसके अलावा सुप्रसिद्ध गीतकार डा. विष्णु सक्सेना को 'अखिल भारतीय कविवर विद्यापति सम्मान' तथा कवयित्री शारदा ठाकुर को 'अखिल भारतीय मां नर्मदा सम्मान' से सम्मानित किया गया। महामंडलेश्वर और सांसद शामिल हुए समारोह में 'निमाड़ स्तवन-2026' स्मारिका का विमोचन भी किया गया, जिसका इस वर्ष का विषय 'निमाड़ के संत' रहा।

